# इन्वेस्ट यूपी में 44 अनुभवी अधिकारी नियुक्त होंगे

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

यूपी में निवेश आकर्षित करने के लिए बनी निवेश प्रोत्साहन एवं सुविधा एजेंसी - 'इन्वेस्ट यूपी' को पेशेवर स्वरूप देने का अभियान शुरू हो गया है।

औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि निवेशक सुविधा सेवाओं के पर्याप्त अनुभव के साथ व्यापार और प्रबंधन क्षेत्र से उच्च योग्यता प्राप्त पेशेवर अधिकारियों (प्रोफेशनल्स) की नियुक्ति किया जाएगा। निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए सेवाओं की दक्षता व गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कुल 44 पेशेवर अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव है। प्रथम चरण में एक सीओओसहित पांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

## यह है योग्यता

सीओओ पद के लिए 15 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ टियर-1 भारतीय या वैश्विक संस्थान से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री- आवश्यक है। एक डिवीजन हेड, दो सेक्टर कलस्टर प्रमुखों और एक प्रबंधक-एनसीआर के अन्य पदों के लिए भी उच्च शैक्षिक योग्यता व प्रतिभा और अनुभव का चयन मानदंड व अर्हता तय की गई है।